# लेजियोनेला रोग

# Legionnaires' disease

## लेजियोनेला रोग क्या है?

लेजियोनेला रोग फेफड़ों का एक संक्रमण (निमोनिया) है जो *Legionella* (लेजियोनेला) बैक्टीरिया द्वारा पैदा होता है। संक्रमण तब होता है जब यह बैक्टीरिया किसी व्यक्ति की साँस द्वारा उसके शरीर में प्रवेश कर जाता है। आम-तौर पर एंटी-बॉयोटिक्स द्वारा इसका इलाज किया जा सकता है।

## इसके लक्षण क्या हैं?

लेजियोनेला रोग के कारण बुखार, कंपन, खांसी और सांस लेने में तकलीफ होती है। कुछ लोगों को मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द, थकान, भूख न लगना और दस्त भी होते हैं। इसकी चपेट में आने के समय से लेकर 10 दिनों तक लक्षण विकसित हो सकते हैं और इससे निमोनिया जैसे छाती के गंभीर संक्रमण हो सकते हैं। ज्यादातर लोग ठीक हो जाते हैं लेकिन बीमारी जानलेवा हो सकती है।

## यह कैसे फैलता है?

लेजियोनेला रोग किसी व्यक्ति के पानी की संदूषित बूँदों या धूल को सांस द्वारा अपने शरीर में प्रवेश कराने से हो सकता है। *Legionella* बैक्टीरिया के अलग-अलग प्रकार हैं, परन्तु NSW में बीमारी पैदा करने वाले दो सबसे सामान्य पाए जाने वाले प्रकार हैं:

- ***Legionella pneumophila* (लेजियोनेला न्यूमोफिला)** – यह एयर कंडीशनरों के कूलिंग टॉवरों, वर्लपूल स्पॉ, शॉवर हैड और पानी के अन्य निकायों में रहता है
- ***Legionella longbeachae* (लेजियोनेला लॉन्गबीच)** – यह धूल या पोटिंग मिक्स में रहता है।

आप घर पर, काम पर या सार्वजनिक स्थलों पर *Legionella* बैक्टीरिया की चपेट में आ सकते/सकती हैं। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में नहीं फैलता है।

## इसे होने का खतरा किसे है?

मध्यम आयु वर्ग के और वृद्ध लोग, विशेष रूप से वे जो धूम्रपान करते हैं या जिन्हें फेफड़ों की पुरानी बीमारी है, वे सबसे अधिक खतरे में होते हैं। जिन लोगों की प्रतिरक्षा प्रणाली कैंसर, गुर्दे के काम करना बंद करने, मधुमेह (डायबिटीज़) या HIV के कारण कमज़ोर होती है, उनमें भी इसका खतरा अधिक होता है।

## इस रोग का निदान कैसे किया जाता है?

यदि आपको निमोनिया होने का निदान किया जाता है, तो अपने डॉक्टर को बताएँ यदि आप किसी प्रकोप के स्थान पर गए/गई हैं **अथवा** आपने हाल ही में पोटिंग मिक्स का प्रयोग करके कोई काम किया है।

छाती का एक्स-रे निमोनिया का निदान करने में मदद करता है लेकिन लेजियोनेला रोग के निदान के लिए विशेष परीक्षणों की आवश्यकता होती है। मूत्र, थूक और रक्त के नमूने निदान की पुष्टि करने में मदद कर सकते हैं। रक्त में एंटीबॉडी की जांच के लिए रक्त के नमूनों को तीन से छह सप्ताह के अंतराल पर लेने की आवश्यकता होती है।


© NSW Ministry of Health. 28 May 2022.

## इसकी रोकथाम कैसे की जाती है?

***Legionella pneumophila*** बैक्टीरिया गर्म, स्थिर पानी में बड़ी संख्या में बढ़ सकता है। कूलिंग टावर जो बड़ी इमारतों में एयर कंडीशनिंग सिस्टम का हिस्सा होते हैं, कभी-कभी प्रकोप का कारण बन सकते हैं। कूलिंग टावर्स और प्लंबिंग सिस्टम का नियमित निरीक्षण, कीटाणुशोधन और रखरखाव बैक्टीरिया के विकास को सीमित करता है।

***Legionella longbeachae*** धूल और पॉटिंग मिक्स में आम है। धूल से बचकर, N95 मास्क पहनकर और बागवानी करते समय पोटिंग मिक्स लेबल पर निर्माताओं की चेतावनियों का पालन करते हुए, पोटिंग मिक्स की धूल की चपेट में आने की स्थिति को कम करें।

## अधिक जानकारी

NSW Health के [Legionnaires disease control regulations] (लीजिओनेला रोग को नियंत्रित करने के नियम) देखें या अपने Public Health Unit को टेलीफोन **1300 066 055** पर फोन करें।

यदि आपको स्वास्थ्य संबंधी चिंताएँ हैं और आपको भाषा संबंधी सहायता की ज़रूरत है, तो TIS को 131 450 पर फोन करें और टेलीफोन 1800 022 222 पर Health Direct से बात करवाने के लिए निवेदन करें।


© NSW Ministry of Health. 28 May 2022.